तापमान
अधिकतम 24.2 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 27 जून 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

4
यह केवल ईंट गारे का भवन नहीं विद्या का मंदिर है: सांगवान



## खबर संक्षेप

### जिले में कल पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान

**अम्बिकापुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 जून रविवार को जिले में पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत जन्म से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई जाएगी। जिले के सभी विकासखंडों में कुल 1 लाख 42 हजार 685 बच्चों को पोलियो की खुराक देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विकासखंडवार लक्ष्य में बतौली के 13,080, लुंड्रा के 20,748, धौरपुर के 17,129, सीतापुर के 16,620, मैनपाट के 12,756, लखनपुर के 20,653, उदयपुर के 13,627 तथा शहरी क्षेत्र के 28,072 बच्चे शामिल हैं। पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन के लिए जिले में कुल 964 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। इन बूथों पर 1,104 दलों द्वारा शासकीय चिकित्सालयों, शासकीय विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

### निगरानी समिति की बैठक 30 को

**बलरामपुर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) तथा जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत शासी परिषद की बैठक सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में 30 जून प्रातः 11 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है।

### विसं सत्र के दौरान अवकाश पर प्रतिबंध

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधान सभा का दशम् सत्र 13 जुलाई से प्रारंभ होकर 17 जुलाई तक आहुत किया गया है। उक्त के दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने जिले में पदस्थ समस्त शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश पर 17 जुलाई तक प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार विधानसभा सत्र की अवधि के दौरान सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यालय एवं मुख्यालय में उपस्थित रहना होगा कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी को अति आवश्यक अथवा अपरिहार्य कारणों से अवकाश पर जाने की परिस्थिति में निर्धारित प्रक्रिया के तहत पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

### एसजीजीयू के कम्प्यूटर पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ

**अम्बिकापुर।** एसजीजीयू के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग में स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप संचालित चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में कंप्यूटर साइंस के मूलभूत सिद्धांतों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, साइबर सुरक्षा, नेटवर्किंग एवं सॉफ्टवेयर विकास जैसी तकनीकों को शामिल किया गया है। विवि द्वारा प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

### मनोरा ब्लाक में जश-लर्न कार्यक्रम, जिला प्रशासन की अभिनव पहल

## छात्रों की बढ़ेगी गणितीय दक्षता, दूर होगा गणित का भय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के मनोरा ब्लॉक में जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जश लर्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले की शिक्षा गुणवत्ता को बढ़ाने एवं प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों में गणितीय दक्षताओं को बढ़ाने मनोरा विकासखण्ड के समस्त 30 संकुलों में संकुल स्तरीय संकुल समन्वयकों द्वारा जस लर्न कार्यक्रम अंतर्गत प्राथमिक शालाओं में कार्यरत शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को धरातल पर उतारने और प्राथमिक स्तर के बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करने के लिए जिला प्रशासन की अभिनव पहल जश-लर्न कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। कर्नाटक के सफल कनेक्टेड मॉडल पर आधारित इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों की



गणितीय क्षमता को बढ़ाना और उनके मन से गणित के भय को दूर करना है।इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल समय समाप्त होने के बाद शिक्षक मोबाइल के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यक्तिगत रूप से गणित की कोचिंग देंगे। सीमित समूह और विशेष ध्यान कार्यक्रम के तहत एक 'सर्कल टाइम' कुल 6 सप्ताह का होगा। इस दौरान प्रत्येक शिक्षक केवल तीन-तीन विद्यार्थियों को गोद लेकर उन्हें विशेष रूप से प्रशिक्षित करेंगे।

### दिया जाएगा व्यक्तिगत मार्गदर्शन

शिक्षक निर्धारित समय पर सीधे छात्र या उनके अभिभावकों को फोन कॉल करेंगे। प्रत्येक कॉल लगभग 30 मिनट से लेकर एक घंटे तक की होगी, जिसमें बच्चे की सीखने की गति के अनुसार उसे व्यक्तिगत मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### बुनियादी संक्रियाओं पर जोर

इस अनूठे प्रयास का सीधा लक्ष्य यह है कि बच्चे गणित की मूलभूत संक्रियाओं जैसे जोड़, घटाव, गुणा और भाग को बेहद सरलता से सीख सके और अपने दैनिक जीवन में इससे संबंधित समस्याओं को आसानी से हल कर सके। मनोरा विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण कुमार पटेल मनोरा संकुल के शिक्षक प्रशिक्षण में भी शामिल हुए। उन्होंने शिक्षको को प्रेरित करते हुए बताया कि जश लर्न कार्यक्रम से बच्चों में गणित विषय के प्रति आकर्षण उत्पन्न होंगे। बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार होगा। छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों के मध्य समन्वय भी स्थापित करेगा।

## उप संचालक कृषि दुकान गोदाम का किया निरीक्षण



**पत्थलगांव।** उप संचालक कृषि जशपुर एमआर भगत ने अपनी टीम के साथ पत्थलगांव के श्रीराम सेल्स खाद, बीज दुकान, बालाजी खाद भंडार, अपना कृषि केंद्र, विशाल ट्रेडर्स का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया एवं स्टांक पंजी, विक्रय बिल, पांस मशीन स्टाक का मिलान करते हुए निर्देशित किया कि रासायनिक उर्वरकों को शासकीय दरों में किसानों को वितरण करें। किसी तरह की कोई शिकायत प्राप्त होने पर दुकान को सील एवं एफआईआर करने की कार्रवाई की जाएगी।

## सीएम की पहल से महिलाएं सीख रहीं आधुनिक खेती के गुण

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में जशपुर जिले की चयनित महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाएं इन दिनों रायपुर स्थित आईटीएम विश्वविद्यालय में ड्रोन संचालन एवं रिमोट पायलट का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं हैं।

यह प्रशिक्षण महिलाओं को आधुनिक कृषि तकनीक से जोड़ने तथा उन्हें आत्मनिर्भर कृषि उद्यमी के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल नमो ड्रोन दीदी योजना के उद्देश्यों के अनुरूप महिलाओं को ड्रोन आधारित कृषि सेवाओं के लिए प्रशिक्षित करने पर केंद्रित है। जिले की ड्रोन दीदियां प्रशिक्षण के दौरान ड्रोन की तकनीकी संरचना, सुरक्षित उड़ान संचालन, रिमोट



पायलटिंग, फसलों में उर्वरक व कीटनाशक के वैज्ञानिक छिड़काव, ड्रोन रखरखाव तथा कृषि क्षेत्र में ड्रोन के व्यवहारिक उपयोग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं हैं। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत ये महिलाएं जिले के किसानों को ड्रोन आधारित सेवाएं उपलब्ध कराते हुए कम लागत में अधिक प्रभावी एवं समयबद्ध कृषि कार्यों में सहयोग करेंगी।

### सीएम ने दिखाई थी बस को हरी झण्डी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर प्रवास के दौरान जशपुर जिले से प्रशिक्षण हेतु रवाना हो रही ड्रोन दीदियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। वहीं रणजीता स्टेडियम में लखपति दीदी पहल के अंतर्गत ड्रोन दीदी एवं उन्नत सॉयल टेस्टिंग मशीन प्रदान की गई थी। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप महिलाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उन्हें रोजगार एवं स्व-रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टरों ने किया सियान गुड़ी का अवलोकन

### प्रशासन की भूमिका को करीब से समझने का मिला अवसर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर के भागलपुर रोड स्थित डे-केयर सेंटर सियान गुड़ी वरिष्ठ नागरिकों की सेवा, सम्मान और देखभाल के लिए समर्पित एक आदर्श केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। यहां वरिष्ठ नागरिकों को एक ही छत के नीचे स्वास्थ्य, मनोरंजन, पठन-पाठन एवं सामाजिक सहभागिता जैसी अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप वरिष्ठजनों के बेहतर जीवन, सम्मान और देखभाल के उद्देश्य से संचालित इस केंद्र का विगत दिवस छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी, निमोरा से आए 2025 बैच के प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टरों के दल ने अवलोकन किया। इस दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने न केवल केंद्र की व्यवस्था का निरीक्षण किया, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों के साथ आत्मीय संवाद कर उनके जीवन अनुभवों को भी करीब से जाना। इस दौरान उन्हें प्रशासनिक दक्षता के साथ मानवीय संवेदनशीलता और जरूरतमंद नागरिकों की समस्याओं को समझकर उनका प्रभावी समाधान करने के तरीके को जानने का अवसर भी मिला।

### अनुभवों से प्राप्त की प्रेरणा

प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर रविशंकर वर्मा, सुश्री निधि प्रधान, सुश्री नंदनी साहू, मनीष बघेल, सौरभ दीवान, लखेश्वर यादव एवं सत्येन्द्र कुमार बंजारे ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ समय बिताया और उनके अनुभवों से प्रेरणा प्राप्त की। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध मनोरंजन की सुविधाओं, जैसे रेडियो, टेलीविजन, कैरम, लूडो एवं अन्य इनडोर खेलों का अवलोकन किया। साथ ही पुस्तकालय, धार्मिक एवं प्रेरणादायी पुस्तकों, योग, फिजियोथैरेपी, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी भी ली। प्रशिक्षु अधिकारियों ने सियान गुड़ी में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विकसित किए गए सुविधायुक्त वातावरण की सराहना भी की। उपलब्ध कराई जा रही है कई सुविधाएं सियान गुड़ी में वर्तमान में जिले के 105 वरिष्ठ नागरिक पंजीकृत हैं। यहां प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक वरिष्ठ नागरिकों के लिए मनोरंजन, पुस्तकालय, स्वल्पाहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, योग एवं फिजियोथैरेपी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इन सेवाओं के माध्यम से बुजुर्गों को न केवल शारीरिक स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है, बल्कि वे मानसिक रूप से प्रसन्न, सामाजिक रूप से सक्रिय और आत्मविश्वास से परिपूर्ण जीवन भी जी रहे हैं। सियान गुड़ी वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और संवेदनशील प्रशासन का एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभर रहा है।

## 7 फीट लंबा अजगर मिलने से मचा हड़कंप

**जशपुरनगर।** जिले के पत्थलगांव विकासखंड में आने वाले ग्राम पंचायत तमता के वार्ड क्रमांक 10 में उस समय हड़कंप मच गया, जब तकरीबन 7 फीट लंबा एक विशालकाय अजगर घर की बाड़ी में दिखाई दिया। बिल्ली को निगलने के कारण बाड़ी में सुस्त पड़ा था।



मिली जानकारी के अनुसार अजगर ने एक बिल्ली का शिकार कर उसे निगल लिया था। शिकार भारी होने के कारण अजगर वहीं सुस्त अवस्था में बैठा रहा। जिसे देखकर आसपास के लोग दहशत में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही सर्प मित्र मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान चलाकर अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। इसके बाद अजगर को जंगल में ले जाकर प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया। समय रहते अजगर के सुरक्षित रेस्क्यू होने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं वन्य जीव प्रेमियों ने लोगों से अपील की है कि ऐसे मामलों में घबराने के बजाय तुरंत सर्प मित्र या वन विभाग को सूचना दें और स्वयं किसी भी प्रकार का जोखिम न उठाएं।

## मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, परिवहन विभाग ने आवेदक को दी आवश्यक जानकारी

■ समस्या का हुआ संतोषजनक निराकरण

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला परिवहन कार्यालय जशपुर द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त एक शिकायत का त्वरित निराकरण करते हुए आवेदक को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई, जिससे वह पूरी तरह संतुष्ट हुआ।

जिला परिवहन अधिकारी जशपुर ने बताया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से एक आवेदन प्राप्त हुआ था। आवेदक एचएल भगत ने झारखंड राज्य के वाहन पोर्टल पर ऑनलाइन एनओसी (अनापत्ति प्रमाण-पत्र) आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराने संबंधी अनुरोध किया था। शिकायत प्राप्त होने के बाद परिवहन विभाग द्वारा मामले की जांच कर 25 जून को आवेदक से दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया गया। उन्हें बताया गया कि वर्तमान में झारखंड राज्य के लिए वाहन पोर्टल पर ऑनलाइन एनओसी जारी करने की सुविधा उपलब्ध नहीं है। वाहन का एनओसी प्राप्त करने के लिए प्रपत्र-28, चेसिस नंबर ट्रेस, आधार कार्ड, बीमा प्रमाण-पत्र, प्रदूषण प्रमाण-पत्र, मूल पंजीयन प्रमाण-पत्र (आरसी) तथा एनसीआरबी रिपोर्ट सहित आवश्यक दस्तावेज




संबंधित परिवहन कार्यालय में प्रस्तुत कर ऑफलाइन प्रक्रिया के माध्यम से एनओसी प्राप्त की जा सकती है। दूरभाष पर पूरी जानकारी मिलने के बाद आवेदक ने समाधान पर संतोष व्यक्त किया तथा किसी प्रकार की आपत्ति नहीं जताई। प्रभावी संवाद का बना सशक्त माध्यम जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 शासन और नागरिकों के बीच प्रभावी संवाद का सशक्त माध्यम बन रहा है। हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि आम नागरिकों को समय पर आवश्यक जानकारी एवं सेवाएं उपलब्ध हो सके।

## प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर सेब, नाशपाती की बागवानी देख हुए अभिभूत



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग से नव-नियुक्त 7 डिप्टी कलेक्टरों ने मैदानी प्रशिक्षण के तहत जशपुर जिले के मनोरा विकासखंड का दौरा किया। छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा रायपुर द्वारा आयोजित इस परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा अधिकारियों को ग्रामीण विकास और जमीनी स्तर की प्रशासनिक चुनौतियों से रूबरू कराना है।

भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों ने मनोरा क्षेत्र में विशेष रूप से की जा रही सेव और नाशपाती के बागानों का अवलोकन किया। अधिकारियों ने स्थानीय किसानों और उद्यानिकी विशेषज्ञों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने जाना कि किस तरह जशपुर की विशिष्ट और ठंडी जलवायु का लाभ उठाकर यहां सफल बागवानी की जा रही है। जशपुर प्रवास पर आए प्रशिक्षणार्थी डिप्टी कलेक्टरों में रविशंकर वर्मा, सुश्री निधि प्रधान, सुश्री नंदनी साहू, मनीष बघेल, सौरभ दीवान, लखेश्वर यादव और सत्येन्द्र कुमार बंजारे शामिल थे।

### अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर टिकैतगंज में हुआ कार्यक्रम

## युवाओं, बुजुर्गों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जशपुर जिले के ग्राम टिकैतगंज में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विवेकानंद क्लब और 'मेरा युवा भारत' के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस नशा मुक्ति जागरूकता अभियान और शपथ ग्रहण समारोह ने समाज में सकारात्मक बदलाव की नई उम्मीद जगाई है।

विवेकानंद युवा क्लब के हेमराज सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नशा मुक्ति की शपथ लेना महज एक रस्म नहीं है, बल्कि यह एक स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त भविष्य की नींव रखने जैसा है। आज लिया गया संकल्प कल के युवाओं के लिए मजबूत नींव रखने का काम करेगा और नशा मुक्त समाज का निर्माण करने



में सहायक बनेगा।

कार्यक्रम में युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की व्यापक भागीदारी रही। ग्राम टिकैतगंज के युवा साथी विनोद मुंडा, नमिता भगत, प्रतिमा, नीतू, साधना, सोनिया, कविता गणेश्वरी भगत ने न केवल स्वयं शपथ ली, बल्कि गांव के वरिष्ठजनों के साथ मिलकर नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दोहराया। यह दृश्य इस बात का प्रमाण है कि जब युवाओं का जोश और बुजुर्गों का अनुभव एक साथ आता है, तो सामाजिक बदलाव की राह आसान हो जाता है।

### स्वप्न को साकार करने की दिशा में एक प्रभावी कदम

कार्यक्रम में मेरा युवा भारत' माई भारत के स्वयंसेवक प्रयास लकड़ा की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। ग्राम के युवा विनोद मुंडा ने सभी उपस्थित जनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस पहल पर 'मेरा युवा भारत' जशपुर के कार्यक्रम अधिकारी संकेत मिथल ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने इस आयोजन से जुड़े सभी स्वयंसेवकों, युवाओं और ग्रामवासियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर ऐसे प्रयास ही आने वाले समय में समाज को नशे की बुराई से मुक्त करने में मील का पत्थर साबित होंगे। यह आयोजन न केवल ग्राम टिकैतगंज के लिए बल्कि पूरे जशपुर जिले के लिए नशा मुक्त भारत के स्वप्न को साकार करने की दिशा में एक प्रभावी कदम है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### एनसीडब्ल्यूए-12 के गठन में हो रहे विलंब के विरोध में रेहर भूमिगत खदान में कोल कर्मचारियों की गेट मीटिंग

**बिश्रामपुर।** गुरुवार को बिश्रामपुर क्षेत्र की रेहर भूमिगत खदान में एनसीडब्ल्यूए-12 के गठन में हो रहे विलंब के संबंध में बीएमएस द्वारा जनजागरण अभियान चलाते हुए खदान परिसर में गेट मीटिंग का आयोजन किया गया,गेट मीटिंग के माध्यम से श्रमिकों को एनसीडब्ल्यूए-12 के गठन में हो रही देरी से उत्पन्न परिस्थितियों तथा श्रमिक हितों पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि कोयला कर्मियों की वेतन, भत्तों एवं अन्य सुविधाओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान के लिए एनसीडब्ल्यूए-12 का शीघ्र गठन आवश्यक है। संगठन लगातार इस विषय को प्रमुखता से उठाते हुए श्रमिकों को जागरूक करने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में संगठन के क्षेत्रीय समन्वयक एवं आईआर प्रभारी,राजेश सिंह,अशोक सिंह सदस्य, क्षेत्रीय कल्याण समिति), हेमंत कुमार,राजेंद्र प्रधान (सदस्य, क्षेत्रीय कल्याण समिति) तथा रन साय सहित खदान के अनेक सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे,गेट मीटिंग के दौरान श्रमिकों ने भी एनसीडब्ल्यूए-12 के गठन में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए समयबद्ध तरीके से समझौता लागू करने की मांग उठाई।

### एकलव्य विद्यालय चयन परीक्षा में सेजेस के 12 विद्यार्थियों का चयन



**प्रेमनगर।** पीएम श्री सेजेस विद्यालय के कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों का चयन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में आराध्या निकुंज, हेमलता सिंह, इशानी श्याम, शिवानी, सूर्यम साई पैंकरा, खुशपेन्द्र कुमार मोरा, एंजेल सिंह, गगनदेव सिंह सरूता, नीरज सिंह श्याम, आर्यन मरकाम, निधि मरकाम एवं दिव्या सिंह शामिल है। विद्यार्थियों की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यालय परिवार हर्षित है। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है। प्राचार्य ने बताया कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है तथा भविष्य में भी विद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों को प्राप्त करते रहेंगे।

### विकसित भारत जी राम जी पर प्रशिक्षण एवं कार्यशाला



**शंकरगढ़।** जनपद पंचायत शंकरगढ़ में सभा कक्ष में विकसित भारत जी राम जी पर प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया।यह अधिनियम 1 जुलाई से पूरे भारत देश में एक साथ लागू होगा।इसके अंतर्गत प्रत्येक पंजीकृत जॉब कार्ड जारी परिवार को प्रतिवर्ष 125 दिवस के रोजगार की गारंटी दी जानी है। चार मुख्य श्रेणियों और उनके कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में विकसित ग्राम पंचायत प्लानिंग कैसे बनाना है और प्राथमिकताओं का निर्धारण कैसे करना है, इसके बारे में बताया गया। कार्य योजना के अनुसार ग्राम पंचायत विकास हेतु कार्यों का प्रस्ताव भेजने की प्रक्रिया समझाई गई। बेरोजगारी भत्ता व मुआवजा श्रमिकों को समय पर रोजगार उपलब्ध न होने पर बेरोजगारी भत्ता तथा मजदूरी भुगतान में विलंब होने पर मुआवजा प्रदान किए जाने का प्रावधान है।कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश पाण्डेय, एसडीओ, बीपीआरसी, सचिव और रोजगार सहायक में उपस्थित रहें।

### बलरामपुर स्थित घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** ग्राम बलरामपुर सूरदासपारा निवासी डालेश्वर प्रसाद राजवाड़े ने डेढ़ महीने पहले रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 7 मई को उसकी भतीजी का विवाह समारोह था,शादी की तैयारियों के बीच



उसके पिता बलदेव राजवाड़े अपनी मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 15 सी डब्ल्यू 1405 लेकर बाहर गए थे। शाम करीब 4 बजे घर लौटकर उन्होंने बाइक को घर के बाहर लॉक कर खड़ा कर दिया,शादी के आयोजन में पूरा परिवार व्यस्त हो गया, 9 मई की सुबह जब परिवार के लोग उठे तो बाइक मौके से गायब थी, विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में चोरी की बाइक लेकर बिश्रामपुर क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम गीता प्रसाद राजवाड़े 25 वर्ष निवासी केवरा मझियारपारा थाना प्रतापपुर बताया। शुरुआती पूछताछ में युवक गीता प्रसाद ने बताया कि उसने उक्त बाइक अपने परिचित विजय लास्कर से खरीदी है। विजय ने उसे वाहन के कागजात बाद में देने तथा रकम भी बाद में लेने की बात कही। पुलिस को बयान संदिग्ध लगा, जिसके बाद मामले में गहन जांच शुरू की गई।जांच के दौरान पुलिस ने गीता प्रसाद के खिलाफ कार्रवाई की। मुखबिर की सूचना पर विजय लास्कर को भी बिश्रामपुर क्षेत्र से घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में विजय लास्कर ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसने 8 मई की रात बलरामपुर सूरदासपारा से हीरो एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल चोरी की थी,चोरी के बाद उसने वाहन को अपने परिचित गीता प्रसाद राजवाड़े को 20 हजार रुपए में बेच दिया था।

## नई पाइपलाइन तकनीक से वृहद स्तर पर मिलेगी भरपूर सिंचाई सुविधा

# खुटपाली डायवर्सन परियोजना का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



निरीक्षण करतीं कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने विकासखंड बलरामपुर अंतर्गत जिले की महत्वपूर्ण खुटपाली डायवर्सन परियोजना (खुटपाली डेम) का निरीक्षण कर परियोजना की संपूर्ण कार्यप्रणाली एवं तकनीकी व्यवस्था की जानकारी लेते हुए डेम का विस्तार से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से पानी के संग्रहण, पाइपलाइन निर्माण, जल परिवहन प्रणाली तथा किसानों तक पानी पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली।

**खास बात**
- नई तकनीक से किया जाएगा परियोजना का निर्माण

कार्यपालन अभियंता जल संसाधन रामानुजगंज ने बताया कि खुटपाली डायवर्सन परियोजना के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है तथा वर्तमान में टेंडर प्रक्रिया जारी है। परियोजना के अंतर्गत लगभग 1.4 मीटर व्यास की पाइपलाइन स्थापित की जाएगी। पाइपलाइन को विशेष संरचना के माध्यम से सुरक्षित तरीके से बिछाया जाएगा, जिससे पानी का निर्बाध प्रवाह सुनिश्चित हो सके। पूर्व में कैनाल क्षतिग्रस्त हो जाने से सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हुई थी। अब नई तकनीक से परियोजना का निर्माण किया जाएगा, जिससे भविष्य में ऐसी समस्या की संभावना कम होगी। और आने वाले दिनों में क्षेत्र वासियों को बिजली और पानी की सुविधा मिलेगी। परियोजना पूरी होने के बाद रामानुजगंज क्षेत्र तक नहर के माध्यम सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जाएगा, जिससे बड़ी संख्या में किसानों को लाभ मिलेगा, सिंचाई का रकबा बढ़ेगा और कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। इससे सिंचाई क्षमता में वृद्धि के साथ क्षेत्र के किसानों को रबी सीजन में भी बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे ग्राम कोटपाली, बसकेपी, खुजरी, चिरकोमा, महराजगंज सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जल संसाधन अधिकारी को परियोजना के प्रत्येक चरण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि योजना का लाभ अधिकतम किसानों तक पहुंचे। इस दौरान जल संसाधन अधिकारी रामानुजगंज ईई एसके मिंज, एसडीओ सहित सरपंच अन्य जन मौजूद रहे।

### उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण कर कलेक्टर ने लिया शक्कर और चना वितरण का जायजा

कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने विकासखंड बलरामपुर के ग्राम सौनी स्थित उचित मूल्य दुकान का आकस्मिक निरीक्षण कर सार्वजनिक वितरण प्रणाली की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हितग्राहियों को किए जा रहे शक्कर एवं चना वितरण का अवलोकन किया तथा वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। दुकान संचालक ने बताया कि हितग्राहियों को तीन माह का राशन वितरित किया जा चुका है तथा जुलाई माह के लिए खाद्यान्न का भंडारण किया जा रहा है। इस दौरान कलेक्टर ने राशन लेने पहुंचे हितग्राहियों से संवाद कर वितरण व्यवस्था की जानकारी ली तथा पूछा कि राशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं हो रही है। हितग्राहियों ने बताया कि उन्हें समय पर राशन प्राप्त हो रहा है और वितरण व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो रही है। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित किसानों से खरीफ सीजन की तैयारियों की भी जानकारी ली। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में खाद एवं बीज उपलब्ध हो गया है तथा आवश्यकता अनुसार महराजगंज समिति से आसानी से मिल गया है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने किसानों से कहा कि वर्तमान मौसम एवं बदलते वर्षा परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए कृषि कार्यों में वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाएं। उन्होंने फसलों में छिड़काव पद्धति का उपयोग कर फसल लेने की सलाह दी उन्होंने कहा कि इससे फसलों की बेहतर देखभाल के साथ उत्पादन में भी लाभ मिलेगा।

- राशन लेने पहुंचे हितग्राहियों जानी सार्वजनिक वितरण प्रणाली की स्थिति



## जमीन विवाद पर महिला पर जानलेवा हमला, भागकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मदनपुर

ग्राम पंचायत सम्बलपुर में जमीन विवाद पर एक आदिवासी महिला पर उसके पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित महिला किसी तरह खेत से भागकर अपनी जान बचाई। घटना की शिकायत पीड़ित महिला ने लटोरी पुलिस चौकी में की है।



जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत संबलपुर निवासी जगत कुंवर पैकरा पति महेंद्र पैकरा 24 जून को अपने जमीन पर मक्का रोपाई का काम कर रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले ललित, चंद्रकांत, बोलो व ललित की मां व पत्नी सहित परिवार के लगभग 8 से 10 लोग गाली-गलौज करते हुए लाठी, डंड़े, टांगी व लोहे की राड लेकर पहुंचे और जगत कुंवर पैरा को मारने के लिए दौड़ाने लगे। किसी तरह आदिवासी महिला खेत से भागते हुए घर के अंदर चली गई। इसी बीच महिला को दौड़ा रहे सभी लोग महिला के घर दाखिल हो गए। पड़ोसियों के लाठी, डंड़े, टांगी व लोहे की राड़ लेकर घर के अंदर आ जाने से महिला भयभीत हो गई और घर के पीछे के दूसरे दरवाजे से भागते हुए सड़क पर आ गई। जैसे ही महिला दुकान के समीप पहुंची तभी उसकी मुलाकात छोटे पुत्र से हुई जिसके बाद जगत कुंवर के पुत्र ने डायल 112 को फोन लगाकर घटना की जानकारी दी। सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और समझाइश देकर चली गई। जगत कुंवर ने घटना की शिकायत लटोरी पुलिस से की। शिकायत में महिला ने बताया कि उनके पडोसियों ने उसके जमीन में लगी बाउंड्री वॉल के खम्भो को पुरी तरह से तोड़ दिया है। पीड़ित आदिवासी महिला ने थाना प्रभारी के नाम लिखित शिकायत देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। जगत कुंवर ने बताया कि जिस समय पड़ोसियों ने हमला किया उस समय परिवार के कोई सदस्य घर में नहीं थे। पड़ोसियों द्वारा सुनियोजित तरीके से उसे जान से मारना चाहते थे। पूर्व में भी पड़ोसियों ने उस पर और परिवार के अन्य सदस्यों पर हमला कर चुके है। जगत कुंवर सहित उसके परिवार के लोगों ने बताया कि उनके पड़ोसी आए दिन शराब बनाकर बेचने से लेकर शराब पीते है। उनके पड़ोसी द्वारा खुले आम महुआ शराब बिक्री की जाती है। ऐसे में कार्रवाई नहीं हुई तो कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। आदिवासी महिला जगत कुंवर ने बताया कि जिस भूमि को लेकर आए दिन विवाद की स्थिति बन रही है। वह जमीन जगत कुंवर के दादा के समय से ही शासकीय मद में दर्ज थी। उस भूमि पर लगभग 50-60 वर्षो से जगत कुंवर के पूर्वजो का कब्जा चला आ रहा है लेकिन कुछ वर्ष पहले उस भूमि के रिकार्ड में बाल साय पंडो का नाम दर्ज हो गया है। जिसके बाद जगत कुंवर पैकरा ने उक्त भूमि को बाल साय पंडो से अनुबंध कर क्रय लिया है जिसके बाद से विवाद की शुरुआत हुई। जगत पैकरा ने बताया कि विवादित भूमि का प्रकरण न्यायालय में लंबित है उसके बाद भी उनके पड़ोसियों द्वारा उक्त भूमि को क्रय करने व विवादित भूमि पर अपना अधिकार बता आए दिन विवाद करते है। जबकि विवादित भूमि के संबंध में न्यायालय द्वारा फैसला नहीं किया गया है।

## रेलवे कॉलोनी में सफाई कराए बिना ही पानी टंकियों पर लिख दी गई डेट ऑफ क्लीनिंग



**बिश्रामपुर।** रेलवे कॉलोनी बिश्रामपुर में पेयजल व्यवस्था को लेकर लापरवाही का मामला सामने आया है। आरोप है कि रेल प्रबंधन के संबंधित विभाग ने कॉलोनी में स्थापित पानी की टंकियों की वास्तविक सफाई कराए बिना ही उन पर ₹डेट ऑफ क्लीनिंग 23 जून 2026₹ अंकित करा दिया, जिससे रेल कर्मियों में नाराजगी व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार, रेलवे कॉलोनी में कर्मचारियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कॉलोनी के बीचोंबीच एक बड़ी लोहे की जलमीनार स्थापित है। इसके अलावा कर्मचारियों के आवासों की छतों पर भी पानी की टंकियां लगी हुई हैं, जिनमें पाइपलाइन के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाती है। रेल कर्मियों का आरोप है कि इन टंकियों की सफाई किए बिना ही उन पर क्लीनिंग की तिथि लिखवा दी गई। कुछ कर्मचारियों ने जब टंकियों पर तिथि अंकित कर रहे पेंटर से इसकी जानकारी ली, तो उसने बताया कि वह यह कार्य आईओडब्ल्यू (इंस्पेक्टर ऑफ वर्क्स) के निर्देश पर कर रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि रेलवे कॉलोनी में लगभग 28 से 30 आवास हैं और यहां पेयजल आपूर्ति पूरी तरह टंकियों के माध्यम से होती है। ऐसे में टंकियों की नियमित सफाई आवश्यक है ताकि कर्मचारियों और उनके परिवारों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल मिल सके। रेल कर्मियों ने बताया कि नियमों के अनुसार समय-समय पर पानी की टंकियों की सफाई कराई जानी चाहिए, लेकिन इस मामले में केवल औपचारिकता पूरी करते हुए सफाई की तिथि दर्ज कर दी गई है। कर्मचारियों ने संबंधित विभाग से इसकी शिकायत करते हुए व्यवस्था में सुधार और टंकियों की वास्तविक सफाई कराने की मांग की है। मामले को लेकर कर्मचारियों ने ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई है। उनका कहना है कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है, इसलिए जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

- रेल कर्मियों व कॉलोनीवासियों ने जताई नाराजगी, रेलवे विभाग में भेजी गई ऑनलाइन शिकायत

## ट्रिप ट्रेलर ऑनर कल्याण संघ ने शोषण करने का लगाया आरोप, 28 को चक्काजाम की दी चेतावनी

**बिश्रामपुर।** ट्रिप ट्रेलर ऑनर कल्याण संघ, सूरजपुर की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को नावापारा में आयोजित की गई,बैठक में संघ के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में वाहन मालिकों ने हिस्सा लिया,इस दौरान कोयला परिवहन कार्य में लगे वाहन मालिकों की विभिन्न समस्याओं तथा कोयला ट्रांसपोर्टरों द्वारा किए जा रहे कथित शोषण के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई,बैठक में सर्वसम्मति से बताया गया कि संघ द्वारा अपनी मांगों के संबंध में सूरजपुर के अनुविभागीय दंडाधिकारी एसडीएम, बिश्रामपुर थाना एवं करंजी चौकी को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में बढ़ती महंगाई और डीजल की लगातार बढ़ रही कीमतों के बावजूद परिवहन भाड़े में वृद्धि नहीं किए जाने पर चिंता व्यक्त की गई है।

संघ ने विभिन्न रूटों के लिए परिवहन दरों में उचित वृद्धि करने, वाहन मालिकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने, भुगतान संबंधी समस्याओं का समाधान करने, लोडिंग व्यवस्था में सुधार लाने तथा साइडिंग संचालन से जुड़ी व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करने की मांग की है। बैठक को संबोधित करते हुए संघ अध्यक्ष रामनरेश यादव ने कहा कि वाहन मालिक लंबे समय से आर्थिक दबाव और अनुचित शर्तों का सामना कर रहे हैं। कई बार संबंधित अधिकारियों एवं प्रबंधन के समक्ष मांगें रखने के बावजूद समाधान नहीं निकलने के कारण अब आंदोलन का सहारा लेना पड़ रहा है। संघ के उपाध्यक्ष समीर सिंह ने कहा कि यदि वाहन मालिकों की जायज



मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। वहीं कोषाध्यक्ष योगेंद्र दूबे तथा वरिष्ठ सदस्य प्रेमजीत सिंह ने कहा कि डीजल, स्पेयर पार्ट्स एवं अन्य परिचालन खर्चों में लगातार वृद्धि हुई है, जबकि परिवहन दरें वर्षों से लगभग स्थिर बनी हुई हैं। इससे वाहन मालिकों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 28 जून तक उनकी मांगों पर संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई तो करंजी साइडिंग में चक्का जाम कर परिवहन कार्य बंद करते हुए शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## महतारी वंदन योजना के केवाईसी के नाम पर धोखाधड़ी, कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

ग्राम पंचायत कुंदीकला में महिला किसानों के साथ खाद आहरण के नाम पर कथित फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। ग्रामीण महिलाओं ने आरोप लगाया है कि महतारी वंदन योजना के केवाईसी के नाम पर उनके आधार कार्ड और बायोमेट्रिक जानकारी का दुरुपयोग कर उनके नाम पर सहकारी समिति से यूरिया खाद का आहरण कर लिया गया। मामले के उजागर होने के बाद गांव में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार और थाना प्रभारी कोई ज्ञापन सौप कर जांच कर उचित कार्रवाई करने का मांग की है।

ग्रामीण महिलाओं के अनुसार गांव के एक चॉइस सेंटर संचालक ने महतारी वंदन योजना की केवाईसी कराने के बहाने महिलाओं को अपने केंद्र पर बुलाया था। वहां उनसे आधार कार्ड लेकर अंगूठे के निशान लिए गए। महिलाओं का कहना है कि उन्हें यह जानकारी नहीं दी गई कि उनके नाम पर खाद का आहरण भी किया जा रहा है। जब खरीफ



सीजन में खेती के लिए खाद लेने वे सहकारी समिति पहुंचीं तो उन्हें पता चला कि उनके खाते से पहले ही खाद निकाली जा चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई महिलाओं, जिनमें विधवा महिलाएं भी शामिल हैं उनके नाम पर खाद उठाया गया है, जबकि उन्हें एक बोरी खाद तक प्राप्त नहीं हुई। गांव के अधिकांश परिवार खेती पर निर्भर हैं और वर्तमान में बारिश का मौसम शुरू होने के कारण खेतों में बुवाई की तैयारी चल रही है। ऐसे समय में खाद नहीं मिलने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि रिकॉर्ड में खाद आहरित दिखने के कारण कोई भी खाद विक्रेता उन्हें खाद देने को तैयार नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि चॉइस सेंटर संचालक एवं उसके भाई द्वारा इस पूरे मामले को अंजाम दिया गया है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि 24 जून को आयोजित ग्राम सभा में संबंधित पक्ष को बुलाया गया था। बैठक के दौरान उनके द्वारा खाद उपलब्ध कराने की बात कही गई, लेकिन यूरिया का मूल्य 600 रुपये प्रति बोरी बताया गया, जो शासकीय दर से लगभग दोगुना है जिसे लेकर ग्रामीणों में और अधिक नाराजगी व्याप्त हो गई। ग्रामीणों ने कलेक्टर तथा पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कर निष्पक्ष जांच एवं कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**कराई जा रही जांच**

महतारी वंदन योजना की केवाईसी कराने के बहाने महिलाओं के खाते से खाद आहरण करने की शिकायत प्राप्त हुई है और इसकी जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-**कावेरी मुखर्जी**, तहसीलदार राजपुर

## बाइक सहित सड़क किनारे गिरे युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** पड़ोसी के रिश्तेदार को उसके घर छोड़कर अकेले लौट रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। पटना थाना अंतर्गत ग्राम मुरमा निवासी सोना सिंह आ. नर्मदा सिंह (32 वर्ष) 22 जून को पड़ोसी सुरेंद्र सिंह के ससुर को छोड़ने बाइक से ग्राम कुरूमदुग्गा गया था और उसे छोड़ने के बाद बाइक से अकेले घर आने लगा तभी ग्राम कुरूम दुग्गा के समीप ही अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गया। दुर्घटना के बाद घायल युवक बाइक को मौके पर ही छोड़ पैदल घर आया और घटना की जानकारी परिजन को दी। रात में पेट में जलन होने पर परिजन घर में ही चिकित्सक से उपचार कराए। तबीयत में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज सुबह उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## धान का थरहा लगाने घुनघुट्टा बांध से 5 दिनों तक छोड़ा जाएगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अवर्षा की स्थिति को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने किसानों को धान का थरहा लगाने के लिए नहर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। विभाग द्वारा 25 से 30 जून तक नहर के माध्यम से किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

- बचा है मात्र 23 फीसदी पानी

श्याम घुनघुट्टा सिंचाई बांध में क्षमता का मात्र 23 फीसदी पानी बचा है। अमृत मिशन के तहत घुनघुट्टा बांध का पानी शहर की आधी आबादी को पेयजल के लिए उपलब्ध कराया जाता हैं। बांध में कम पानी बचे होने के कारण विभाग द्वारा नहरों के माध्यम से सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही थी। वर्तमान में मानसून दस्तक देने के बावजूद अवर्षा की स्थिति निर्मित हो गई है। पूर्व में प्री-मानसून गतिविधियों के दौरान भी छिटपुट बारिश हुई। अभी खरीफ खेती के अनुकूल खास कर धान का बीड़ा लगाने योग्य बारिश नहीं हुई है। मानसून की लेट-लतीफी एवं अवर्षा की स्थिति निर्मित होने के बावजूद किसान तेजी से खरीफ फसलों की बुनाई कर रहे हैं। जल संसाधन विभाग ने 25 जून से पांच दिनों तक धान का थरहा लगाने के उद्देश्य से नहर के माध्यम से बांध की पानी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। विभाग 30 जून को मानसून एवं बांध में जलभराव तथा भविष्य के लिए पेयजल के लिए पानी आरक्षित रखने की समीक्षा उपरांत आगे सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के संबंध में निर्णय लेगा।

इस संबंध में कार्यपालन मंत्री एके निरंजन ने बताया कि अवर्षा की स्थिति को देखते हुए धान का थरहा लगाने के लिए नहरों के माध्यम से पांच दिनों तक सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। भविष्य में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने का निर्णय स्थितियों की समीक्षा करने के उपरांत लिया जाएगा।

## स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के बाद हो संचालन, संयुक्त संचालक शिक्षा को सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर।** स्कूलों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के बाद ही कक्षाओं का संचालन किए जाने की मांग की गई है। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने इस संबंध में संयुक्त संचालक शिक्षा को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि 16 जून से शैक्षणिक सत्र की शुरुआत कर दी गई और कक्षाएं संचालित की जा रही है लेकिन जमीनी स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं अभी भी अधूरी हैं। ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित शिक्षा



उपलब्ध कराना चुनौतीपूर्ण प्रतीत हो रहा है। उन्होंने बताया कि कई विद्यालयों में अभी तक पाठ्य पुस्तकें नहीं पहुंची है, कई स्कूल एकल शिक्षकीय है जिससे सभीकक्षाओं का समुचित संचालन प्रभावित हो रहा है। मरम्मत योग्य एवं जर्जर भवनों वाले विद्यालयों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था अथवा आवश्यक मरम्मत का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। क्षेत्र में अत्यधिक गर्मी एवं उमस के कारण छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। कई विद्यालयों में पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था अभी भी नहीं है। विद्युत एवं पंखों की व्यवस्था कई स्थानों पर सुचारु नहीं है।



# ऋतिक ने पूरी की जेलर 2 की शूटिंग, निर्देशक ने की तारीफ

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन ने रजनीकांत की फिल्म जेलर 2 में अपने खास कैमियो रोल की शूटिंग पूरी कर ली है। बताया जा रहा है कि एक्टर ने चेन्नई में दो दिन के शूटिंग शेड्यूल में अपना हिस्सा पूरा किया है। नेल्सन दिलीप कुमार ने 'जेलर 2' में ऋतिक रोशन के लिए एक बहुत ही शानदार किरदार तैयार किया है। उनका एक दमदार सीक्वेंस है। इसके बाद रजनीकांत के साथ एक सीन है। शूटिंग खत्म होने पर डायरेक्टर नेल्सन ने दोनों एक्टर्स की जमकर तारीफ की। सेट पर मौजूद लोगों के लिए दोनों सुपरस्टार्स को एक साथ देखना बहुत सुखद अनुभव था।

लाइफ Style



# रिया
## पूरी तरह से खत्म नहीं होता ट्रॉमा

एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने एक बार फिर सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद आए मुश्किल दौर के बारे में बात की। साथ ही उनके भाई शोविक चक्रवर्ती ने याद किया कि कैसे एक घटना ने उनका पूरा जीवन बदलकर रख दिया। इस दौरान एक्ट्रेस ने ड्रग मामले और अपनी गिरफ्तारी को लेकर भी बात की।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रिया चक्रवर्ती अपने भाई शोविक चक्रवर्ती के साथ नेहा धूपिया और अंगद बेदी के चैट शो 'डबल डेट' पर पहुंचे। इस दौरान भाई-बहन ने सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले और इससे जुड़ी ड्रग्स की जांच के सिलसिले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा 2020 में अपनी गिरफ्तारी के बारे में बात की। रिया चक्रवर्ती ने उस अनुभव के मानसिक असर और यह कैसे उनके साथ बना हुआ है, इस पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि ट्रॉमा पूरी तरह से खत्म नहीं होता और इंसान के इमोशनल सिस्टम का हिस्सा बन जाता है। यह ऐसी चीज नहीं है जिससे आप पूरी तरह उबर सकें। यह ट्रॉमा है। अगर दिमाग में नहीं, तो शरीर में तो यह रहता ही है। ठीक होने के लिए लगातार कोशिश और सपोर्ट की जरूरत होती है। जैसा कि शोविक कह रहे थे, पीटीएसडी होता है। आप अपनी थेरेपी करवाते हैं और इसका सामना करते हैं। रिकवरी लगातार चलती रहती है ।रिया ने इस बारे में भी बात की कि कैसे उनका अनुभव लगातार लोगों की नजर में रहा, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई और उसे समझना मुश्किल हो गया। उन्होंने कहा कि भले ही बीता हुआ समय उनकी जिंदगी का हिस्सा बना हुआ है।

हॉलीवुड मसाला



# तलाक के बाद नहीं किया किसी को डेट

**लॉस एंजिल्स।** एंजेलिना जोली इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'कौचर' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। जोली अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी प्राइवेट रहती हैं, लेकिन उनके पूर्व पति ब्रैड पिट से उनका चर्चित अलगाव सालों तक चर्चा में रहा। हाल ही में, एंजेलिना जोली ने अपनी डेटिंग लाइफ के बारे में बात की और बताया कि ब्रैड पिट से अलग होने के बाद से वे किसी भी रिश्ते में नहीं रही हैं। एंजेलिना जोली ने माना कि उनकी जिंदगी में रोमांस पीछे छूट गया है, क्योंकि उन्होंने खुद को अपने छह बच्चों की परवरिश में लगा दिया है।



# मेरा हॉलीवुड कॅरियर आज भी बॉलीवुड से फीका ...

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड के साथ-साथ हॉलीवुड में भी बड़ा नाम कमा चुकीं प्रियंका चोपड़ा जोनस ने प्रड्यूसर बनने और अमेरिका में अपने कॅरियर को आगे बढ़ाने को लेकर खुलकर बातें कीं। उन्होंने यह भी कहा कि अब हॉलीवुड में नए कलाकारों और फिल्म प्रड्यूसर के लिए एंट्री की बाधाएं पहले की तुलना में काफी कम हो गई हैं। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा है कि इतने सारे इंटरनेशनल फिल्मों और सीरीज में काम करने के बावजूद हॉलीवुड में उनका काम भारतीय सिनेमा में उनके द्वारा अर्जित किए गए काम की तुलना में फीका पड़ जाता है। प्रियंका ने कम बजट की सफल हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' का उदाहरण देते हुए कहा कि आज के दौर में प्रतिभाशाली लोगों के लिए अवसरों के नए दरवाजे खुल रहे हैं।



# चौहान फिल्म में अजय का फौजी अवतार...

**मुंबई।** अजय देवगन अब अपने फैन्स के सामने 'चौहान' के रूप में एक नए और दमदार अवतार में वापसी कर रहे हैं। यह फिल्म फिल्म निर्माता आनंद एल राय के साथ उनकी पहली फिल्म है। फिल्म को जियो स्टूडियोज प्रड्यूस कर रहा है। दिवंगत एक्शन डायरेक्टर वीरू देवगन की जयंती पर उन्हें याद करते हुए, फिल्म निर्माताओं ने फिल्म में अजय देवगन का 'चौहान' के रूप में पहला लुक जारी किया, जिससे ये साफ हो गया है कि फिल्म दमदार और एक्शन से भरपूर है। इस अनाउंसमेंट वीडियो की शुरुआत एक उग्र प्रदर्शन की झलकियों से होती है, जिसके साथ दमदार डायलॉग बैकग्राउंड में सुनाई दे रहा है। इसमें कहा जा रहा है, 'चौराहे पर 300 लड़के थे, घर सिर्फ 270 पहुंचे। 30 लड़के कम हैं।'



# प्रहार का टीजर रिलीज वकील बने राजकुमार

**मुंबई।** राजकुमार राव की नई फिल्म आ रही है 'प्रहार', जिसका दमदार टीजर रिलीज कर दिया गया है। टीजर रिलीज होते ही छा गया है और राजकुमार राव की तारीफ हो रही है। यह एक बायोग्राफिकल फिल्म है, जिसमें राजकुमार राव जाने-माने वकील उज्जवल निकम के रोल में हैं। यह उनके अब तक के करियर का सबसे चैलेंजिंग रोल माना जा रहा है। 'प्रहार' को अविनाश अरुण ने डायरेक्ट किया है और यह मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी है। इसमें राजकुमार राव के अलावा वामिका गब्बी और जयदीप अहलावत भी मौजूद हैं। यह फिल्म 7 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज होगी। फिल्म में वामिका गब्बी ने राजकुमार राव की पत्नी का किरदार निभाया है, जबकि जयदीप अहलावत एक अन्य वकील बने हैं। 'प्रहार' के टीजर की शुरुआत राजकुमार के किरदार उज्जवल निकम से होती है।

टीवी मसाला

# साल 2000 का वो गाना, जिसका बच्चा-बच्चा हो गया था दीवाना...

**नई दिल्ली।** साल 2000 के दौर का एक ऐसा ही गाना, जिसको लेकर कहा जा सकता है कि कुछ गाने सिर्फ सुने नहीं जाते, बल्कि जिए जाते हैं। इसकी धुन सुनते ही बच्चों के कदम खुद-ब-खुद स्कूल की तरफ बढ़ने लगते थे।



एक समय था जब सुबह की शुरुआत अलार्म से नहीं, बल्कि टीवी पर बजने वाली इसी प्यारी सी धुन से हुआ करती थी। ये वो गाना था जिसने बच्चों को गुनगुनाना सिखाया। इसकी धुन सुनते ही बच्चे झूम उठते थे और बड़े मुस्कुरा देते थे। गली-मोहल्लों से लेकर गांव और शहर तक हर तरफ इसी गाने की चर्चा थी। खास बात ये थी कि ये सिर्फ एक गाना नहीं था, बल्कि एक ऐसा संदेश था जिसने लाखों बच्चों को स्कूल की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। आज भी इसकी धुन सुनते ही लोग सीधे अपने बचपन की सुनहरी गलियों में पहुंच जाते हैं। अगर आप अब तक नहीं समझ पाए हैं कि हम किस गाने की बात कर रहे हैं तो आपको बता दें कि ये वही 'स्कूल चले हम' है, जिसे सुनकर एक पूरी पीढ़ी बड़ी हुई है। 'स्कूल चले हम' उस दौर के उन चुनिंदा गानों में शामिल था, जिसे सुनने के लिए बच्चे खुद टीवी के सामने बैठ जाया करते थे। आज की तरह तब हर मिनट नया कंटेंट नहीं आता था, इसलिए जो चीज लोगों के दिल में जगह बना लेती थी, वो लंबे समय तक याद रहती थी। इस गाने की धुन इतनी आसान और प्यारी थी कि बच्चे इसे खेलते-कूदते, साइकिल चलाते और स्कूल जाते वक्त भी गुनगुनाते रहते थे। यही वजह थी कि ये गीत देखते ही देखते घर-घर की पहचान बन गया। शान की आवाज ने इस गाने को और खास बना दिया था।

## तुलसी और अनुपमा की राह में रोड़ा बनीं 'गंगा माई की बेटियां'

**नई दिल्ली।** दर्शकों की पसंद टीवी सीरियल के मामले में तेजी से बदली है। अब तक जहां टीवी सीरियल 'अनुपमा' और 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बने रहते थे, लेकिन अब ये टॉप 5 में बने रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।



सीरियल 'गंगा माई की बेटियां' ने पिछले दो-तीन हफ्ते से टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में अपने लिए जगह बनाई है। इस सीरियल को 24वें हफ्ते में 1.9 की रेटिंग मिली है। यह सीरियल पहले स्थान पर है। सीरियल 'वसुधा' 24वें हफ्ते में टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर रहा है। इसकी 1.8 की टीआरपी रेटिंग रही है। यह सीरियल एक सीधी सरल की लड़की वसुधा की जिंदगी और उसके प्यार की कहानी को बयां करता है। शरद केलकर स्टारर सीरियल 'तुम से तुम तक' भी दर्शकों को पसंद आ रहा है। इस सीरियल को 24वें हफ्ते में 1.7 की रेटिंग मिली है, टीआरपी लिस्ट में यह तीसरे नंबर पर है। यह सीरियल ऐसे कपल की कहानी कहता है, जिनके बीच में उम्र का बड़ा फासला है। 'नागिन 7' 24वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में चोथे नंबर पर है। इसे 1.6 की रेटिंग मिली है। इस सीरियल की टीआरपी बढ़ी है।

# लोग महाभारत समझते हैं... तो मेरी फिल्म क्यों नहीं : इम्तियाज

**मुंबई।** इम्तियाज अली की फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' सिनेमाघरों में जोरदार तरीके से चल रही है। लोग फिल्म को अभी भी देखने जा रहे हैं। इस बीच, फिल्ममेकर ने कहा है कि अगर लोग महाभारत समझ सकते हैं तो मेरी फिल्म क्यों नहीं। चमत्कार होते हैं, और इम्तियाज अली की नई फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' के साथ कुछ ऐसा ही हुआ है। बंटवारे के दौर की प्रेम कहानी वाली इस फिल्म ने धीमी शुरुआत के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर अपनी जगह बना ली है और अब देश भर के कई सिनेमाघरों में हाउसफुल चल रही है। फिल्ममेकर के लिए यह बेहद खुशी का पल है। वे खुद कई थिएटर जाकर दर्शकों का शुक्रिया अदा कर रहे हैं कि वे बड़ी संख्या में आए और फिल्म को सपोर्ट किया। इम्तियाज अली की बेटी इदा अली के इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक ऐसे ही डायलॉग में, हाउसफुल स्क्रीनिंग के बाद फिल्म निर्माता दर्शकों से बातचीत करते और आभार जताते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्हें कहते हुए सुना जा सकता है, 'लोगों की शक्ति में मेरी उम्मीद को फिर से जगाने के लिए धन्यवाद। मुझे लगातार कहा जाता है कि लोग समझेंगे नहीं, कि अगर आप दर्शकों को खुश करना चाहते हैं, तो सिर्फ एक खास तरह की फिल्में बनाएं। यहां आने के लिए धन्यवाद।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने अपने इंटरव्यू में लाखों बार कहा है कि अगर लोग महाभारत समझ सकते हैं, तो वे मेरी फिल्में क्यों नहीं समझ पाएंगे? मुझमें ही कुछ कमी होगी, मैं भी आप सबके लिए सुधार करने की कोशिश कर रहा हूं।' लेकिन, न केवल मेरा बल्कि इस देश के सभी भाषाओं के 100 फिल्म निर्देशकों का आत्मविश्वास फिर से जगाने के लिए धन्यवाद। बहुत-बहुत धन्यवाद।



फिल्ममेकर सिद्धार्थ आनंद, जो अभी शाहरुख खान के साथ 'किंग' की शूटिंग कर रहे हैं, उन्होंने 'मैं वापस आऊंगा' देखने के लिए भी समय निकाला। बुधवार को डायरेक्टर ने एक्स पर फिल्म और दर्शकों से मिल रहे अच्छे रिस्पॉन्स की तारीफ की। अपनी बात शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'कितनी खूबसूरत फिल्म है!

# आज सिनेमाघरों में 5 नई फिल्में होंगी रिलीज

**नई दिल्ली।** शुक्रवार 26 जून को हमारे-आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 5 नई फिल्में रिलीज हो रही हैं, जिसमें हिंदी के दर्शकों के लिए सबसे बड़ी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' है। इसके अलावा 'रामायण' की सीता मैया यानी दीपिका चिखलिया भी एक फैमिली ड्रामा 'तेरा मेरा नाता' लेकर आ रही हैं। हॉलीवुड से भी तीन बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। इनमें 'सुपरगर्ल', 'द इनवाइट', और 'जैकऐस: बेस्ट एंड लास्ट' भी आ रही है।



***वेलकम टू द जंगल*** : वेलकम टू द जंगल बॉलीवुड की सुपरहिट कॉमेडी 'वेलकम फ्रैंचाइज' की तीसरी किस्त है। यह 2015 में आई 'वेलकम बैक' के लगभग एक दशक बाद आ रही है। इस बार फिल्म का पैमाना बहुत बड़ा है। डायरेक्टर अहमद खान ने 30 से अधकि दिग्गज कलाकारों की फौज तैयार की है।

***सुपरगर्ल*** : डीसी यूनिवर्स के फैंस को सुपरगर्ल फिल्म का लंबे समय से इंतजार रहा है। यह फिल्म कारा ज़ोर-एल किरदार पर आधारित है, जो अपनी गहरी भावनात्मक और आत्मा-खोज की यात्रा पर है। उसके चचेरे भाई काल-एल (सुपरमैन) को अब उसकी सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है। ऐसे में दिशाहीन महसूस कर रही सुपरगर्ल के पास न्याय की आस लगाए एक लड़की आती है। कारा ज़ोर-एल की यह कहानी क्रिप्टोनियन की है। उसने अपना बचपन अपनी दुनिया और परिवार को मरते हुए देखने में बिताया। पृथ्वी पर बिना किसी मकसद के घूम रही कारा, रूथी नाम की लड़की के साथ मिलकर 'येलो हिल्स' के बेरहम 'क्रेम' को रोकने के लिए एक कॉस्मिक सफर पर निकलती है। अपने कजिन सुपरमैन के उलट, कारा के मन में क्रिप्टन पर बिताए बचपन की गहरी चोटें (ट्रॉमा) हैं। दुश्मन उसके प्यारे कुत्ते 'क्रिप्टो' को घायल कर देता है। अब सुपरगर्ल बदला लेने के लिए किसी भी हद तक जाने वाली है।

***तेरा मेरा नाता*** : तेरा मेरा नाता एक फैमिली ड्रामा फिल्म है। यह प्यार, परिवार और भावनात्मक रिश्तों की दिल को छू लेने वाली कहानी है। 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में इसका प्रीमियर हुआ था। अब यह सिनेमाघरों में आ रही है।

***द इनवाइट*** : ओलिविया वाइल्ड के डायरेक्शन में बनी द इनवाइट एक खट्टी-मीठी सेक्स कॉमेडी और मैरिटल ड्रामा है। यह सैन फ्रांसिस्को में रहने वाले एक शादीशुदा जोड़े, जो और एंजेला के बारे में है। अपनी बोरिंग जिंदगी से बाहर निकलने के लिए वे अपने घर के ऊपरी मंजिल पर रहने वाले ग्लैमरस और एडवेंचरस पड़ोसी हॉक और पीना को डिनर पर बुलाते हैं।

***जैकऐस: बेस्ट एंड लास्ट*** : जैकऐस: बेस्ट एंड लास्ट बेहद पॉपुलर 'जैकऐस सीरीज' की आखिरी फिल्म है। इसके साथ ही यह फ्रैंचाइजी खत्म हो जाएगी। इसमें नए और खतरनाक स्टंट्स और प्रैंक के साथ फ्रैंचाइज के क्लासिक यादगार पलों को भी जोड़ा गया है।

## एक्टर्स ने 45 दिन तक पहने थे एक ही कपड़े, जीता था नेशनल अवॉर्ड

# पांच लाख किसानों ने 2-2 रुपए देकर प्रोड्यूस की थी ये फिल्म

### जब किसानों ने लिखी भारतीय सिनेमा की नई कहानी

'मंथन' की कहानी गुजरात के दुग्ध सहकारी आंदोलन और श्वेत क्रांति से प्रेरित थी। फिल्म के निर्माण के लिए गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (GCMMF) से जुड़े लगभग पांच लाख दुग्ध उत्पादक किसानों ने दो-दो रुपये का योगदान दिया था। यही वजह है कि इसे भारत की पहली क्राउड-फंडेड फिल्म भी कहा जाता है। फिल्म में गिरीश कर्नाड, स्मिता पाटिल, नसीरुद्दीन शाह, अमरीश पुरी और कुलभूषण खरबंदा जैसे दिग्गज कलाकार नजर आए. रिलीज के समय गांवों में बैलगाड़ियों और ट्रकों में भरकर किसान इस फिल्म को देखने सिनेमाघरों तक पहुंचे थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि यह उनकी अपनी कहानी है।

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा में कई ऐसी फिल्में बनी हैं, जिन्होंने सिर्फ मनोरंजन ही नहीं बल्कि समाज को भी नई दिशा देने का काम किया। ऐसी ही एक फिल्म थी 'मंथन', जिसने अपनी कहानी से जितनी पहचान बनाई, उससे कहीं ज्यादा चर्चा इसके बनने के तरीके ने बटोरी। साल 1976 में रिलीज हुई श्याम



बेनेगल निर्देशित इस फिल्म को किसी बड़े प्रोडक्शन हाउस ने नहीं, बल्कि करीब पांच लाख किसानों ने दो-दो रुपए का योगदान देकर बनाया था। उस दौर में यह अपने आप में अनोखा प्रयोग था। फिल्म ने राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हासिल की और बाद में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी जीता। आज भी 'मंथन' भारतीय समानांतर सिनेमा की सबसे महत्वपूर्ण फिल्मों में गिनी जाती है।

### श्याम बेनेगल थे निर्देशक

फिल्म को पूरी तरह वास्तविक बनाने के लिए निर्देशक श्याम बेनेगल ने कलाकारों से मेकअप और कॉस्ट्यूम पर खास ध्यान देने को कहा. रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई प्रमुख कलाकारों ने शूटिंग के दौरान पानी की कमी के कारण करीब 45 दिनों तक वही एक जैसे कपड़े पहने, ताकि उनके किरदारों की वास्तविकता बनी रहे और गांव का माहौल पर्दे पर बिल्कुल असली लगे।

### अपने नाम किया राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

फिल्म ने अपनी दमदार कहानी, शानदार अभिनय और सामाजिक संदेश के दम पर सर्वश्रेष्ठ हिंदी फीचर फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार अपने नाम किया. वर्षों बाद भी 'मंथन' भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक मील का पत्थर मानी जाती है।

## खबर संक्षेप

### कुष्ठ प्रभावितों के बच्चों को मिलेगा प्रशिक्षण

**सारंगढ़।** कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों एवं उनके बच्चों के पुनर्वास तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में विकासखंड सारंगढ़ ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 12 हितग्राहियों का चयन कर उनका प्रस्ताव छत्तीसगढ़ वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर चांपा को भेजा गया है। चयनित हितग्राहियों को विभिन्न आईटीआई ट्रेडों में 1 से 2 वर्ष का निःशुल्क प्रशिक्षण एवं निःशुल्क आवासीय छात्रावास सुविधा प्रदान की जाएगी। यह प्रशिक्षण राज्य एवं केंद्र शासन से मान्यता प्राप्त संस्थान द्वारा संचालित किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद शासकीय, अर्धशासकीय एवं निजी संस्थानों में रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।

### 475 लोगों का आयुर्वेद होमियोपैथी से उपचार

**रायगढ़।** पुसौर ब्लॉक के के चिखली बाजार में आयुर्वेद एवं होमियोपैथी चिकित्सा शिविर में आयोजन किया गया। शिविर में 405 लोगों का आयुर्वेद पद्धति से एवं 70 लोगों का होमियोपैथि पद्धति से उपचार किया गया वही 145 लोगों का रक्त परीक्षण किया गया।

### 30 तक ई-केवाईसी और रिकॉर्ड अपडेट का लक्ष्य

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के कल्याण और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक बड़ा अभियान शुरू किया गया है। श्रम विभाग द्वारा इस अभियान को 30 जून तक पूरा करने का लक्ष्य है। सभी पात्र श्रमिक समय सीमा के भीतर अपना सुधार कार्य अवश्य करा लें। अधिक जानकारी के लिए श्रम विभाग के कार्यालय या जनपद पंचायत के श्रम संसाधन केंद्र से सम्पर्क कर सकते हैं।
इसके तहत आधार आधारित ई केवाईसी प्रक्रिया प्रारंभ करने से पहले, सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के विवरण का आधार कार्ड के अभिलेखों के अनुसार सत्यापन और संशोधन किया जा रहा है। यह पूरी प्रक्रिया कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी के माध्यम से संचालित होगी। इस संशोधन प्रक्रिया के तहत पंजीकृत श्रमिकों को अपने मूल आधार कार्ड के साथ नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर में उपस्थित होना होगा। वहाँ संचालक वीएलई ऑपरेटर द्वारा श्रमिक की पहचान का भौतिक सत्यापन किया जाएगा और पोर्टल के रजिस्ट्रेशन अपडेशन मॉडयूल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### वार्ड बॉय, आया भर्ती के लिए प्रमाण पत्रों का सत्यापन

**घरघोड़ा।** मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में 2017 वार्ड बॉय, वार्ड आया भर्ती प्रकिया अभी तक पूर्ण नहीं हुआ हैं। इसका लिखित एग्जाम 2017-18 में हो चुका और मेरिट सूची तैयार करके विभागीय दस्तावेज सत्यापन भी पूरा कर लिया हैं। 22 अगस्त 24 को मेडिकल कॉलेज रायगढ़ द्वारा एकजाई अनंतीम लिस्ट जारी किया उसके बाद भर्ती प्रक्रिया एकाकेक रुक गई थी उसके बाद याचिका दायरकर्ता द्वारा उच्च न्यायालय के शरण में जाने के पश्चात 11 सितंबर 2025 को डीन को तीन माह में भर्ती प्रकिया की पूर्ण करने का आदेश दिया गया था, उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार जनवरी 2026 तक पूरा हो जाना चाहिए था। परन्तु जून भी खत्म होने वाली हैं तहसील में जाति निवास, आय प्रमाण पत्र सत्यापन पूर्ण नहीं हुआ हैं उच्च न्यायालय के आदेश का पालन नहीं होने कारण अवमानना की स्थिति बनी हुई हैं।

### एसडीएम की अनुमति से मिलेगा डिब्बे में पेट्रोल

**सारंगढ़।** सरिया क्षेत्र में किसानों द्वारा डिब्बे में डीजल देने की मांग पर खाद्य अधिकारी ने जानकारी दी है किए जिले में कुल 42 पेट्रोल और डीजल की एजेंसी संचालित है। जिले के पेट्रोल पम्पों में 45 हजार 600 लीटर डीजल एवं 57 हजार 400 लीटर पेट्रोल भंडारित है जिसका वितरण उपभोक्ताओं को किया जा रहा है। एजेंसियों में पेट्रोल एवं डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसानों को कृषि कार्य किये जाने तथा विशेष सेवा जैसे अस्पताल आदि के लिए डिब्बे में एसडीएम की अनुमति पश्चात आवश्यकता अनुसार समस्त एजेंसियों से डीजल और पेट्रोल प्रदाय किया जा रहा है।

# यह केवल ईंट गारे का भवन नहीं विद्या का मंदिर है: सांगवान

### बुड़िया में जिंदल द्वारा निर्मित नए प्राइमरी स्कूल भवन का किया गया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिंदल पावर तमनार द्वारा क्षेत्र के गांवों में सीएसआर के तहत विभिन्न प्रकार के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत बुड़िया में शासकीय प्राइमरी स्कूल के लिए नए भवन का निर्माण भी कराया गया है। इस नए भवन का लोकार्पण बुधवार 24 जून को किया गया।

बुड़िया के प्राइमरी स्कूल का भवन जर्जर होने के कारण गांव के जनप्रतिनिधियों ने जिंदल पावर से नए भवन की मांग की थी। जिंदल पावर द्वारा अपने सीएसआर एक्टिविटी के तहत उक्त स्कूल के लिए राषि स्वीक2त कर नया भवन बनवाया गया। लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि वीपी जेपीएल संदीप सांगवान थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक उपाध्यक्ष ऋशिकेष राय षर्मा ने की। विषिश्ट अतिथि बीईओ तमनार मोनिका गुप्ता, एबीईओ उत्तर कुमार सिदार, सरपंच भारती धुर्वे, जनपद सदस्य दिनेष बेहरा थे। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीपी संदीप सांगवान ने कहा कि नया भवन केवल ईंट गारे की बिल्डिंग नहीं बल्कि भारत के भविश्य को बनाने के लिए तैयार की गई ईमारत है। उन्होंने कहा कि जिंदल पावर और जिंदल फाउंडेशन द्वारा लगातार क्षेत्र में जरूरत के हिसाब से लोगों की मांग पर काम किया जा रहा है। उन्होंने भविश्य में भी और विकास कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई। बीईओ मोनिका गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के विकास में जिंदल प्रबंधन की भागीदारी प्रशंसनीय है, उन्होंने स्कूल की दीवारों में बच्चों की लर्निंग के लिए वाल पेंटिंग कराने का सुझाव भी दिया। जनपद सदस्य दिनेश बेहरा में जिंदल फाउंडेशन द्वारा बुड़िया में बनवाए गए नए भवन के लिए जिंदल प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि क्षेत्र में जिंदल फाउंडेशन द्वारा सभी प्रकार के काम कराए जा रहे हैं। सरपंच भारती धुर्वे ने कहा कि जिंदल द्वारा बढ़िया स्कूल भवन बनवाया गया है। इसके अलावा विकास के अन्य कार्य भी जिंदल फाउंडेशन द्वारा स्वीकृत कराए गए हैं। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण, स्कूल स्टाफ और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



संबोधित करते अतिथि और उपस्थित शिक्षक-शिक्षिका व ग्रामीण।

#### स्कूल के ग्राउंड का होगा समतलीकरण

रामीणों ने प्राइमरी स्कूल परिसर के समतलीकरण की मांग की। सहायक उपाध्यक्ष ऋशिकेष शर्मा ने ग्रामीणों की मांग के अनुसार स्कूल के खेल मैदान का समतलीकरण कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बुड़िया में जिंदल फाउंडेशन द्वारा कई विकास कार्य कराए जा रहे हैं, इसी कड़ी में प्राइमरी स्कूल के लिए नया भवन ग्रामीणों की मांग पर किया गया है, आगे भी विकास कार्य कराए जाएंगे।




## एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र को कलेक्टर ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सामुदायिक स्वास्थ्य और सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र को 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' में उनके अनुकरणीय और उत्कृष्ट योगदान के लिए जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया है।

यह प्रतिष्ठित सम्मान जिला कलेक्टर रायगढ़ द्वारा प्रदान किया गया। एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र की ओर से यह सम्मान क्षेत्रीय महाप्रबंधक मनोज कुमार के प्रतिनिधि के रूप में डॉ. गजानंद, सहायक प्रबंधक सामुदायिक विकास सीडी ने प्राप्त किया। यह सम्मान एसईसीएल द्वारा निक्षय मित्र योजना के तहत टीबी मरीजों को गोद लेने, उन्हें पोषण किट उपलब्ध कराने और क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के निरंतर प्रयासों की सराहना में दिया गया है।

## पीएटी, पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा कल 411 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल नवा रायपुर द्वारा पीएटी-पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा का आयोजन 28 जून को किया जाएगा। परीक्षा पूर्वाह्न 10 से 1.15 बजे तक आयोजित होगी। जिले में 2 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इसमें शास.रा.भ.रा.एन.ई.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर एवं विजय भूषण सिंहदेव कन्या महाविद्यालय जशपुर शामिल है।

■ डिप्टी कलेक्टर जशपुर नोडल अधिकारी नियुक्त

दोनों केन्द्रों में कुल 411 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु समीर बड़ा डिप्टी कलेक्टर जशपुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कर्मचारी चयन मंडल द्वारा परीक्षार्थियों के लिए निर्देश जारी कर दिया गया है। परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व परीक्षा केन्द्र का अवलोकन कर लें। परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आएं क्योंकि काले, गहरे नीले, हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी व गहरे चॉकलेटी रंग वर्जित हैं। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा। उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने के उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। पैर में चप्पल पहनें और कान में कोई आभूषण न पहने। परीक्षा कक्ष में संचार उपकरण, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, बेल्ट, टोपी, स्कार्फ, पाउच ले जाना पूर्णतः वर्जित है। केवल काले या नीले बॉल पॉइंट पेन लेकर आएं। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी।

### कलेक्टर ने ली निर्माण एजेंसियों की बैठक

**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने नगर पंचायत सरिया के सीएमओ सहित जिले के लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा आरईएस, पीएम ग्राम सड़क योजना, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अनुविभागीय अधिकारी, इंजीनियरों एवं उप अभियंताओं की बैठक लेकर जिले में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में निर्माण कार्यों की प्रगतिए गुणवत्ता एवं समय सीमा के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बरतने वाले इंजीनियरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए निलंबन की चेतावनी दी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले के विभिन्न निर्माण स्थलों पर श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि परियोजनाएं समय पर पूर्ण हो सकें।

## संभाग स्तरीय रोजगार मेला अम्बिकापुर में आज, 2 हजार रिक्त पदों पर होगी भर्ती

**जशपुरनगर।** सरगुजा जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए खुशखबरी है। संभाग स्तरीय रोजगार मेला 27 जून को राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल अम्बिकापुर में आयोजित किया गया है। उक्त मेले में 11 से अधिक निजी कंपनियों के नियोजक उपस्थित रहेंगे जो 1951 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती करेंगे।

इस मेले में श्री क्वालिटी सर्विस, वेदांत स्किल, श्रमिन टैलेंट प्राइवेट लिमिटेड, आश्रव फाउंडेशन, सेफ इंटेलिजेंस सिक्योरिटी सर्विसेज, एसबीआई लाइफ इंश्योरेन्स, लाइफ इंश्योरेन्स कार्पोरेशन ऑफ इंडिया अम्बिकापुर सरगुजा या देवी एसोसिएट्स, यूनिक सलूशन प्राइवेट लिमिटेड, वीसी इंस्टिट्यूट, टीवीएस कंपनी, सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल होंगी। इन कंपनियों में क्वालिटी इंस्पेक्टर, होटल मेनेजमैंट, फीटर, सोलर सिस्टम इटोलेशन, इलेक्ट्रिक मीटर टेक्नीशियन, सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, एचआर एग्जीक्यूटिव, केयर टेकर, हाउस किपिंग स्टाफ, वेबी सिस्टर, मार्केटिंग मैनेजर, ट्रेनिंग ऑफिसर, लेबर, लाइफ मित्र, डेवलपमेंट ऑफिसर, सेल्स मैनेजर, बीमा सखी, इंश्योरेंस एडवाइजर, डेटा एंट्री ऑपरेटर, सर्वेयर, टेली कॉलर, सेल्स मेनेजर, टीम मैनेजर, बिजनेश एसोसिएटर, इलेक्ट्रिशियन, काउंसलर, ऑफिस असिस्टेंट, ट्रेनी प्रोडक्शन और ऑपरेटर जैसे पदों पर भर्ती की जाएगी। योग्यता के अनुसार 8वीं पास, 10वीं पास, 12वीं पास, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, आईटीआई, डिप्लोमा और यहां तक की अनपढ़ अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं। वेतन, पद और योग्यता के अनुसार 6500 से लेकर 35800 रुपए प्रतिमाह तक निर्धारित किया गया है। सबसे अधिक पद सिक्योरिटी गार्ड, इलेक्ट्रिक मीटर टेक्नीशियन और इलेक्ट्रिशियन के लिए उपलब्ध है। एसबीआई लाइफ के डेवलपमेंट ऑफिसर पद पर 20 से 25 हजार रुपए तक वेतन मिलेगा। टीवीएस सुजुकी के ऑपरेटर पद पर डिप्लोमा योग्यता वालों को 21033 रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। इच्छुक युवा और युवतियां इस मेले में शामिल होने के लिए अपना ऑनलाइन पंजीयन अवश्य करा लें। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी अपने जिले के रोजगार अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। इस मेले का पंचायत और नगरीय निकाय स्तर पर सचिव, सरपंच, महापौर, पार्षद, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अधिकाधिक प्रचार-प्रसार कराने कहा गया है। जिससे अधिक से अधिक बेरोजगार युवक-युवती इस मेले में शामिल होकर रोजगार के अवसर का लाभ ले सके। सभी सीईओ, जनपद सीईओ से उक्त मेले की जानकारी अधिक से अधिक लोगों को देने का आग्रह किया गया है।

### पुनर्मूल्यांकन के बाद टॉप टेन में शामिल हो सकती हैं पूनम



**बरमकेला।** प्रतिभा, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का शानदार उदाहरण प्रस्तुत करते हुए मोना मॉडर्न स्कूल बरमकेला की छात्रा पूनम पटेल ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन परिणाम में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। प्रारंभिक परीक्षा परिणाम में कुछ अंकों से प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान बनाने से चूक जाने वाली पूनम ने हार नहीं मानी और अपने प्रदर्शन पर भरोसा रखते हुए पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया। उनका यह निर्णय सही साबित हुआ और हिंदी विषय में 5 अंकों की वृद्धि के साथ उनका कुल प्राप्तांक 482 अंक हो गया। इसके साथ ही उनका प्रतिशत बढ़कर 96.40 हो गया है।

## माइनिंग विभाग ने की एक पोकलेन और 6 हाइवा जब्त



**सारंगढ़।** खनिज अमला द्वारा बीते 2 दिनों में जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के रोकथाम को लेकर कार्रवाई की गई है। सोमवार को सारंगढ़ तहसील क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान गौण खनिज साधारण रेत के अवैध परिवहन करते हुए 02 हाइवा वाहन क्रमांक सीजी-07-सीआर-7715 एवं सीजी-13-एक्यू-0321 पर कार्यवाही करते हुए थाना सारंगढ़ के सुरक्षार्थ में रखा गया है। इसी तरह मंगलवार को तहसील सारंगढ़ के अंतर्गत में पुनः निरीक्षण किया गया, जिसमें निरीक्षण के दौरान गौण खनिज चूनापत्थर के अवैध परिवहन करते हुए 02 हाईवा वाहन क्रमांक सीजी- 13- बीबी- 2721 एवं सीजी- 13- बीबी- 2321 पर कार्यवाही करते हुए थाना सारंगढ़ के सुरक्षार्थ में रखा गया। उप तहसील कोसीर क्षेत्र के ग्राम पंचायत पासीद में औचक निरीक्षण किया गया, जहां गौण खनिज साधारण रेत के अवैध उत्खनन में संलिप्त 01 पोकलेन मशीन पर जप्ती की कार्यवाही करते हुए ग्राम सरपंच के सुपूर्दगी में दिया गया तथा गौण खनिज साधारण रेत के अवैध उत्खनन में संलिप्त 02 हाईवा वाहन क्रमांक सीजी-06-एचडी-6457 एवं सीजी-11-बीके-6697 पर कार्रवाई करते हुए थाना कोसीर के सुरक्षार्थ में रखा गया।

## दलहन-तिलहन की खेती पर मिलेगा 15 हजार प्रति एकड़, कृषि विभाग की किसानों से अपील

**जशपुरनगर।** जिले में इस वर्ष एल-नीनो प्रभाव के कारण सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों को वैकल्पिक फसलों की खेती अपनाने की सलाह दी है।

उप संचालक कृषि जशपुर ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि वे विशेष रूप से टिकरा भूमि में धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहन फसलों की खेती कर जोखिम को कम करें तथा बेहतर आय अर्जित करें। कृषि विभाग के अनुसार कम वर्षा की संभावित परिस्थितियों में अरहर, मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी, रागी, मूंगफली, तिल, रामतिल एवं कुल्थी जैसी फसलें किसानों के लिए अधिक लाभकारी सिद्ध हो सकती हैं। ये फसलें कम पानी में भी अच्छी पैदावार देती हैं तथा प्रतिकूल मौसम की स्थिति में भी उत्पादन पर अपेक्षाकृत कम प्रभाव पड़ता है।

#### लगाएं अल्प अवधि की धान

कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि मध्यम भूमि वाले क्षेत्रों में भी संभावित कम वर्षा को ध्यान में रखते हुए कम अवधि में तैयार होने वाली धान किस्मों का चयन करें। इससे फसल जोखिम कम होगा और उत्पादन की संभावना बेहतर बनी रहेगी। उप संचालक कृषि जशपुर ने किसानों से अपील की है कि वे मौसम की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिक सलाह के अनुसार फसल चयन करें तथा दलहन-तिलहन फसलों की खेती कर शासन की प्रोत्साहन योजना का लाभ उठाएं। इससे किसानों की आय में वृद्धि होने के साथ ही कृषि को अधिक टिकाऊ और लाभकारी बनाया जा सकेगा।

#### समर्थन मूल्य पर की जाती है खरीदी

कृषि विभाग ने बताया कि टिकरा भूमि में धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहन फसलों की खेती करने वाले किसानों को शासन द्वारा 15 हजार रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। इसके अलावा इन फसलों की खरीदी प्रधानमंत्री आशा योजना के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर भी की जाती है। जिससे किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त होता है।

#### अधिक लाभकारी हैं वैकल्पिक फसलें

विशेषज्ञों के अनुसार दलहन, तिलहन फसल न केवल कम लागत में बेहतर उत्पादन देती है, बल्कि मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ाने में भी सहायक होती है। इन फसलों से भूमि में नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ती है, जिससे आगामी फसलों को भी लाभ मिलता है। साथ ही इनका बाजार मूल्य अच्छा होने से किसानों को अतिरिक्त आर्थिक लाभ प्राप्त होता है।

## संकीर्तन बने कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के जिला उप संयोजक



**कटेली।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के संकीर्तन नंद को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, जिला सारंगढ़, बिलाईगढ़ का जिला उप संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के साथ ही जिले भर के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं संगठन से जुड़े पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

संकीर्तन नंद लंबे समय से शिक्षक हितों की लड़ाई को मजबूती से उठाते रहे हैं। अपनी सक्रिय कार्यशैली, संगठनात्मक क्षमता और प्रभावशाली नेतृत्व के दम पर उन्होंने प्रदेश स्तर पर एक अलग पहचान बनाई है। प्रदेश संयोजक के रूप में उन्होंने लगभग 1 लाख 8 हजार सहायक शिक्षकों का सफल नेतृत्व कर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इसके अलावा प्रदेश सलाहकार एवं प्रदेश महासचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का भी सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। जिले में भी उनके नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए तीनों ब्लॉकों के पदाधिकारियों ने उन्हें जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। उनके मार्गदर्शन में संगठन लगातार मजबूत हुआ और शिक्षकों की आवाज को मजबूती मिली। यही वजह है कि संगठन के प्रदेश एवं जिला नेतृत्व ने उन पर एक बार फिर विश्वास जताते हुए जिला उपसंयोजक जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश संयोजक कमल वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष रवीन्द्र राठौर, प्रदेश सचिव लैलून भारद्वाज एवं जिला संयोजक फकीरा यादव ने उनकी कार्यकुशलता, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है।

## जल व मच्छर जनित रोगों की रोकथाम की व्यापक तैयारियां

### लक्षण दिखने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्रों में करें संपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वर्षा ऋतु के आगमन के साथ जिले में जलजनित, वाहक जनित एवं अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन सतर्क हो गया है।

मौसमी बीमारियों की रोकथाम, नियंत्रण एवं त्वरित उपचार के लिए जिले भर में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जीएस जात्रा ने नागरिकों से स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करने तथा बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य संस्थाओं से संपर्क करने की अपील की है। सीएमएचओ ने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाइयों, ओआरएस पैकेट, क्लोरीन टैबलेट, एंटीबायोटिक्स एवं अन्य चिकित्सा सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। संभावित प्रभावित क्षेत्रों एवं दुर्गम ग्रामों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की महामारी या बीमारी के प्रकोप की स्थिति में तत्काल नियंत्रणात्मक कार्रवाई की जा सके।

करें स्वच्छ पेयजल का उपयोग

स्वास्थ्य अधिकारी ने नागरिकों से केवल स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल का उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि पानी को उबालकर अथवा क्लोरीनयुक्त कर ही सेवन करें। साथ ही कुंओं, हैंडपंपों एवं अन्य जल स्त्रोतों की नियमित साफ-सफाई बनाए रखें। घरों के आसपास गंदा पानी जमा न होने दें। बरसात के मौसम में बासी, दूषित एवं खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों के सेवन से बचने तथा फल, सब्जियों को अच्छी तरह धोकर उपयोग करने की सलाह भी दी गई है।

#### बचाव के लिए बरतें सावधानी

मलेरिया, डेंगू एवं अन्य मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए नागरिकों से मच्छरदानी का उपयोग करने, पूरी बांह के कपड़े पहनने तथा घर और आसपास जलभराव नहीं होने देने की अपील की गई है। कूलर, पानी की टंकी, गमले, पुराने टायर एवं अन्य पात्रों में जमा पानी को नियमित रूप से खाली करने की सलाह दी गई है, ताकि मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सके। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि यदि किसी व्यक्ति को बुखार, दस्त, उल्टी, पेट दर्द, कमजोरी, सिरदर्द, शरीर दर्द, पीलिया अथवा अन्य संक्रामक रोगों के लक्षण दिखाई दें तो बिना विलंब किए निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय परामर्श लें। स्वयं दवा लेने से बचें और चिकित्सक की सलाह अनुसार ही उपचार कराएं। बच्चों में दस्त की स्थिति में ओआरएस घोल एवं जिंक का उपयोग अत्यंत लाभकारी माना गया है।

### 1.34 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो ड्रॉप

**रायगढ़।** बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन 28 से 30 जून तक किया जाएगा। तीन दिवसीय इस विशेष अभियान के तहत रायगढ़ जिले के शून्य से 5 वर्ष आयु वर्ग के 1 लाख 34 हजार 980 बच्चों को पोलियो वैक्सीन की दो बूंद पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान के दौरान जिले में कुल 1307 पोलियो बूथ, 19 ट्रांजिट टीम, 13 मेला एवं बाजार स्थल टीम, 25 मोबाइल टीम तथा 283 पर्यवेक्षक तैनात रहेंगे।

## नगरपालिका के निर्माणाधीन कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने नगरपालिका सारंगढ़ के विकास कार्यों का समीक्षा किया। कलेक्टर ने सारंगढ़ में सेन्ट्रल लाइब्रेरी निर्माण, मुड़ा तालाब में करोडों के विकास कार्य, इंडोर स्टेडियम के लिए पास समतलीकारण, साफ सफाई पर चर्चा लोहारीन डबरी, तुर्की तालाब, तिवारी तालाब और नया तालाब के विकास कार्य पर चर्चा कर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए आबादी क्षेत्र से दूर उपयुक्त स्थान का चयन करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू, एसडीएम वर्षा बंसल, लोक निर्माण विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ, सीएमओ ज्ञान पुंज कुलमित्र के साथ ठेकेदार गण उपस्थित थे। कलेक्टर ने ठेकेदारों को कहा जो ठेका लिया है वहीं ठेकेदार काम कराएगा। कोई पेटी ठेकेदार क्रो काम नहीं सौपेंगे। कलेक्टर ने 15वे वित्त, राज्य प्रवर्तित, डीएमएफ, अधोसंरचना मद, पीएचई द्वारा सारंगढ़ जल आवर्धन योजना अंतर्गत कुम्हार पारा में टंकी निर्माण आदि कार्य, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सहसपुर में आंगनबाड़ी और बाउंड्री वाल निर्माण, गधाभांठा, रानीसागर और बुटीपारा के आंगनबाड़ी केंद्र में बाउंड्री वाल निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट का अवलोकन कर सारंगढ़ में सीसी रोड और नाली निर्माणए भोजपुर में सामुदायिक भवन, कुटेला, जूनाडीह और चिंगरीपाली में मुक्तिधाम शेड निर्माण, सहसपुर में सांस्कृतिक भवन निर्माण, विद्युत खम्भा विस्तार कार्य, विशालपुर और प्रतापगंज स्कूल के पास रंगमंच निर्माण, 1 से 15 वार्ड तक एलईडी स्थापना आदि कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त